रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-16032021-225938
CG-DL-E-16032021-225938

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1139] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 16, 2021/फाल्गुन 25, 1942
No. 1139] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 16, 2021/PHALGUNA 25, 1942

## रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

## (रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 12 मार्च, 2021

**का.आ. 1227(अ).—**सांख्यिकी संग्रहण नियमावली, 2011 के नियम 5 एवं 7 के साथ पठित सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 (2009 का 7) की धारा 3 एवं 4 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, इसके द्वारा अनुसूची में वर्णित ब्यौरे के अनुसार औद्योगिक उत्पादन के मासिक सूचकांक के संकलन तथा रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के वार्षिक प्रकाशन "रसायन एवं पेट्रोरसायन आंकड़े एक दृष्टि में" के संकलन हेतु इलेक्ट्रॉनिक माध्यम अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वृहत एवं मध्यम इकाई के रसायन एवं पेट्रोरसायन इकाइयों को मासिक आधार पर उत्पादन, स्थापित क्षमता, निर्यात, आयात और इनपुट डाटा संबंधी आंकड़ों के संग्रह का निर्देश देता है ।

2. रसायन और पेट्रोरसायन विभाग, इसके आगे, उपरोक्त निर्देश के संदर्भ में, कार्यालय में अपने समनुदेशिति व्यक्ति को भी, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में उल्लिखित है, सांख्यिकी अधिकारी के रूप में नियुक्त करता है:

**तालिका**

| सांख्यिकी अधिकारी | पता (ई–मेल सहित) |
|---|---|
| उप महानिदेशक ( सांख्यिकी एवं निगरानी प्रभाग ) वर्तमान में श्री एन.के. संतोषी | रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, कक्ष संख्या 231, ' ए ' विंग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली -110001 दूरभाष : 23387761 (ओ) ई:मेल- nk.santoshi@gov.in |

3. सांख्यिकी अधिकारी द्वारा अधिकृत व्यक्तियों को सांख्यिकी अधिकारी के अधिकार क्षेत्र में, प्रत्येक सूचना प्रदाता द्वारा प्रदान की गई सूचना के सत्यापन, संगत दस्तावेजों की जांच करने और आवश्यकतानुसार स्पष्टीकरण मांगने का कार्य सौंपा जाएगा । प्रत्येक अधिकृत व्यक्ति को एक फोटो पहचान पत्र अथवा सांख्यिकी अधिकारी द्वारा जारी अधिकार - पत्र अपने पास रखना होगा ।

4. उपर्युक्त निर्देश के संदर्भ में एकत्रित आंकड़ों का सत्यापन और उनकी जांच उप महानिदेशक के कार्यालय (साख्यिकी एवं निगरानी प्रभाग), रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग में की जाएगी। तत्पश्चात, मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के संकलन के लिए प्रासंगिक आंकड़ों को मासिक औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तैयार करने के लिए आर्थिक-साख्यिकी प्रभाग, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय को रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग द्वारा उपलब्ध करा दिया जाएगा। रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के पास उपलब्ध आंकड़ों का प्रयोग वार्षिक प्रकाशन "रसायन एवं पेट्रोरसायन आंकड़े एक दृष्टि में" को तैयार करने के लिए किया जाएगा।

5. उपरोक्त निर्देशों के संदर्भ में किसी गतिविधि में शामिल सभी व्यक्ति सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 और सांख्यिकी संग्रहण नियमावली, 2011 के प्रावधानों द्वारा शासित होंगे।

## अनुसूची

**आंकड़ों के संग्रहण का विषय एवं उद्देश्य:**

1. प्रत्येक माह औद्योगिक उत्पादन सूचकांक तैयार करने के लिए उत्पादन, स्थापित क्षमता, आयात, निर्यात और इनपुट से संबंधित आंकड़े इलेक्ट्रॉनिक माध्यम अथवा ऑनलाइन माध्यम से एकत्रित किए जाएंगे, जिसका प्रयोग रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग द्वारा नीति संबंधी उद्देश्यों के लिए और रसायन एवं पेट्रोरसायन विभाग के नियमित साख्यिकीय प्रकाशन के लिए किया जाएगा।

**आंकड़ों के संग्रह के लिए भौगोलिक क्षेत्र:**

2. सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम, 2008 के तहत आंकड़े पूरे भारत में एकत्र किए जाएंगे।

**आंकड़ों के संग्रहण का तरीका:**

3. सूचना प्रदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ऑनलाइन या ई-मेल) के माध्यम से सांख्यिकी अधिकारी द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र में उन्हें जारी किए गए नोटिस के अनुसार निर्धारित प्रारूप में अपेक्षित आंकड़े भेजने होंगे। सांख्यिकी अधिकारी, इस तरह की अन्य शर्तों के अधीन जिन्हें कि वह नोटिस में निर्दिष्ट कर सकता है, सूचना प्रदाता को अन्य रूप में निर्धारित सूचना प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं।

**सूचना प्रदाताओं की प्रकृति, जिनसे आंकड़े एकत्रित किए जा सकते है:**

4. किसी पंजीकृत इकाई के मालिक या प्रबंधक को जिन्हें सांख्यिकी अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा, उन्हें अपने प्रतिष्ठान के बारे में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करनी होगी।

**अवधि जिसके दौरान आंकड़ों का संग्रहण पूरा किया जा सकता है:**

5. प्रत्येक सूचना प्रदाता द्वारा प्रत्येक कैलेंडर माह की सूचना आगामी माह के 15 वें दिन या उससे पहले भेजी जानी आवश्यक होगी जैसाकि नोटिस में उल्लिखित है ।

**संदर्भ अवधिः**

6. सूचना को प्रत्येक कैलेंडर माह के लिए प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।

**एकत्रित की जाने वाली सूचना की प्रकृतिः**

7. सूचना प्रदाताओं से उत्पादन (मात्रा और मूल्य), आयात, निर्यात, स्थापित क्षमता, इनपुट पर मासिक डाटा एकत्र किया जाएगा।

**सूचना प्रदाता द्वारा दी जाने वाली सूचना की भाषा:**

8. प्रत्येक सूचना प्रदाता निर्धारित प्रारूप में अंग्रेजी में सूचना प्रस्तुत करेगा।

